Training & Placement Cell
Dr. A.P.J. ABDUL KALAM UNIVERSITY, INDORE

Date : 17th March, 2023

Job Notification for Scientific Officer Examination

upcoming exam

राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र : साइंटिफिक ऑफिसर सहित कई पद भरे जाएंगे

भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान में करीब 600 पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की है। केंद्र की ओर से जारी विज्ञापन के अनुसार साइंटिफिक असिस्टेंट/ टेक्निकल असिस्टेंट-ए के 331 पदों, साइंटिफिक ऑफिसर/ इंजीनियर-एसबी के 196 पदों और सांइटिस्ट बी के 71 पदों समेत कुल 598 पदों पर नियमित आधार पर सीधी भर्ती की जानी है। इन पदों पर आवेदन करने की अंतिम तिथि 04 अप्रैल, 2023 निर्धारित की गई है। इन पदों पर आवेदन करने वाले इच्छुक और योग्य उम्मीदवार की आयुसीमा 30 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। अधिक जानकारी के लिए नोटिफिकेशन पढ़ें।

क्या है पदों का ब्योरा

इस भर्ती के माध्यम से कुल 598 पदों को भरा जाएगा। इसमें साइंटिस्ट -बी ग्रुप ए के कुल 71 पदों को भरा जाएगा, जिसमें 30 पद अनारक्षित, 10 पद अनुसूचित जाति, 5 पद अनुसूचित जनजाति, 19 पद ओबीसी (नॉन क्रीमी लेयर) और 7 पद ईडब्ल्यूएस श्रेणी के होंगे। साइंटिफिक ऑफिसर/इंजीनियर-एसबी ग्रुप बी 196 पदों को भरा जाएगा, जिसमें 81 पद अनारक्षित, 29 पद एससी, 14 पद एसटी, 52 पद ओबीसी और 20 पद ईडब्ल्यूएस श्रेणी में भरे जाएंगे। साइंटिफिक/टेक्निकल असिस्टेंट-ए ग्रुप बी के 331 पदों पर रिक्तियां हैं, जिसमें 134 पद अनारक्षित, 50 पद एससी, 24 पद एसटी, 91 पद ओबीस (नॉन क्रीमी लेयर) एवं 32 पद ईडब्ल्यूएस श्रेणी में भरे जाएंगे। वेतनमान इन पदों के क्रमानुसार लेवल -10, लेवल - 7 और लेवल -6 के अनुसार दिया जाएगा। आवेदन करने से पूर्व भर्ती विज्ञापन ठीक से पढ़ लें।

कैसे करें आवेदन

इच्छुक तथा योग्य उम्मीदवार संस्थान की ऑफिशियल वेबसाइट recruitment.nic.in पर भर्ती सेक्शन में एक्टिव लिंक या नीचे दिए डायरेक्ट लिंक के अप्लीकेशन पोर्टल calicut.nielit.in पर जाकर अप्लाई कर सकते हैं। इसके लिए उम्मीदवारों को पहले रजिस्ट्रेशन करना होगा। फिर रजिस्टर्ड डिटेल्स से लॉग-इन करके एप्लीकेशन सबमिट करें।

04 अप्रैल, 2023 है आवेदन करने की अंतिम तारीख

30 वर्ष निर्धारित की गई है आयुसीमा। आरक्षित वर्ग को सरकारी नियमानुसार छूट

800 रुपए है आवेदन शुल्क। एससी, एसटी, दिव्यांग सहित महिला अभ्यार्थियों को नहीं देना शुल्क

क्या है जरूरी योग्यता

साइंटिस्ट बी, साइंटिफिक असिस्टेंट / टेक्निकल असिस्टेंट-ए और साइंटिफिक ऑफिसर/ इंजीनियर-एसबी पदों पर आवेदन के लिए उम्मीदवार को नोटिफिकेशन में दिए गए विषयों में से एमएससी या एमएस या एमसीए या बीई डिग्री पास होना चाहिए। साइंटिस्ट-बी पदों के लिए तय विषयों में एमफिल कर चुके उम्मीदवार ही आवेदन कर सकते हैं। उम्र आवेदन की आखिरी तारीख 4 अप्रैल 2023 को 30 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

क्या है आवेदन शुल्क

आवेदन के दौरान उम्मीदवारों को 800 रुपए फीस देनी होगी। एससी, एसटी, दिव्यांग और सभी महिला उम्मीदवारों के लिए फीस में पूरी तरह से छूट दी गई है। यदि आवेदक एक से अधिक पोस्ट के लिए आवेदन करता है तो हर पोस्ट के अनुसार 800 रुपए का भुगतान करना होगा। इन पदों पर आवेदकों के चयन की प्रक्रिया अलग-अलग हो सकती है, जिसमें लिखित परीक्षा और इंटरव्यू होगा।

Regards,

ANIL MISHRA
(Training & Placement Officer)